रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

उन्नत राष्ट्र के संवाहक हैं अनुशासित युवा : कुलपति प्रो. मिश्र

कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा नवप्रवेशित छात्रों के लिए "दीक्षारंभ" कार्यक्रम मनाया गया

जबलपुर 17 नवम्बर। रादुविवि के कंप्यूटर विज्ञानं एवं अनुप्रयोग संस्थान (यूआईसीएसए) में आज माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र के मुख्य आतिथ्य में नये छात्रों को नये परिवेश में सहज महसूस कराना, संस्थान की विशिष्ट प्रकृति एवं संस्कृति को सिखाना, अन्य छात्रों और संकाय के सदस्यों के साथ एक सहज संबंध बनाना तथा अपने अन्दर छुपी अन्य प्रतिभाओं को जागृत करने के उद्देश्य से नवप्रवेशित छात्रों के लिए "दीक्षारंभ" कार्यक्रम मनाया गया।

मुख्य अतिथि माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं का विश्वविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत करते हुए उनसे अपनी अन्दर छुपी प्रतिभाओं को निखारने एवं साइबर सिक्यूरिटी के क्षेत्र में आगे आने का का आवाहन किया। उन्होंने अनुशासन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि उन्नत राष्ट्र के संवाहक हैं अनुशासित युवा। विभागाध्यक्ष प्रो. मृदुला दुबे ने विभाग की उपलब्धियों के साथ विभाग में संचालित विभिन्न कौर्सेस की जानकारी प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि प्रो. दिव्या बागची द्वारा अपने अनुभवों को साझा करते विद्यार्थिओं का मार्गदर्शन किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन डा. विनय तिवारी द्वारा दिया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर विभाग के अतिथि विद्यानों डॉ. कामता मिश्रा, श्री नरेश सोंधिया, सुमन चंदानन, दिशा तिवारी, श्रीमती अभिलाषा पाण्डेय, श्री दीपेश मिश्रा सहित कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे ।